# गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार, गांव में नहीं जले चूल्हे

## देवीपुर गांव में पसरा मातमी सन्नाटा, हादसे में दो बालकों की मौत के बाद घायल रीशू ने भी इलाज के दौरान तोड़ा दम

संवाददाता, कमलापुर, सीतापुर

**अमृत विचार:** देवीपुर गांव में मंगलवार को हुए सड़क हादसे में घायल ईशू की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। पहले ही दो बच्चों, सचिन और अमित की मौत से सदमे में डूबे गांव में रीशू के जाने से मातम और गहरा गया। बुधवार को गांव में एक भी चूल्हा नहीं जला।

सांसद व विधायक सहित कई जनप्रतिनिधियों ने गांव पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। सचिन और अमित को देवीपुर में दफनाया गया, वहीं ईशू को मिश्रापुर थाना क्षेत्र के सिधौली ले जाकर दफनाया गया। ईशू की मौत के साथ ही इस भीषण हादसे में जान गंवाने वाले मासूमों की संख्या तीन हो गई है।



गांव में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार



परिवार को ढांढस बंधाते विधायक मनीष रावत। अमृत विचार

इससे पूरे गांव में शोक और मातम का माहौल है। बुधवार दोपहर करीब तीन बजे जब सचिन और अमित के शव गांव पहुंचे तो हर तरफ चीख-पुकार मच गई। गांव की गलियां रोती महिलाओं, बिलखते बच्चों और ग़मगीन बुजुर्गों से भर गईं। कोई किसी को ढांढस नहीं बंधा पा रहा था। गांव में हालात इतने संवेदनशील हो गए कि सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह फोर्स के साथ गांव में डटे रहे। ईशू का शव उसके परिजन मिश्रापुर थाना क्षेत्र के सिधौली ले गए, जहां उसे दफनाया गया। देवीपुर में सचिन और अमित को पुलिस की मौजूदगी में सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया।

**छोटे से कंधे पर था पूरे घर का बोझ :** सचिन के बाबा राम औतार ने रोते हुए बताया कि राजू (सचिन का पिता) बीमारी से जूझ रहा है, घर में काम करने वाला कोई नहीं। सचिन ने छोटी उम्र में ही जिम्मेदारी उठा ली थी। वह मजदूरी करके घर का खर्च चलाने में पिता का हाथ बंटाता था। अब तो सब कुछ उजड़ गया।

**इस सड़क ने तो सब लील लिया :** अमित के पिता गुड्डू ने अपने दर्द को शब्दों में ढालते हुए कहा कि पहले मेरी मां भगवानी और पत्नी सीमा को इस सड़क ने छीन लिया था। अब मेरा बेटा चला गया और एक और बच्चा अस्पताल में ज़िंदगी से लड़ रहा है।

**नेताओं ने पहुंचकर बंधाया ढांढस :** हादसे की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र के सांसद आरके चौधरी, विधायक मनीष रावत और पूर्व विधायक हरगोविंद भार्गव गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

# हादसे में बाइक सवार दंपति की मौत

संवाददाता, सेउता, सीतापुर

**अमृत विचार:** रेउसा इलाके में कांतापुरवा चौकापुल के नजदीक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार चौपहिया वाहन ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि थानगांव इलाका वासी निवासी पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पत्नी ने देर रात जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने हादसे में घायल मासूम की हालत गंभीर बताई जा रही है।

थानगांव थानाक्षेत्र का गोलोक कोडर निवासी राजकरन अपनी पत्नी सुमेरी और बच्चे को लेकर दवा लेने घर से निकला था। परिजनों के मुताबिक, बाइक सवार दंपति रेउसा थानाक्षेत्र में कांतापुरवा चौका पुल के नजदीक पहुंचे। इसी दौरान तेज रफ्तार चौपहिया वाहन की चपेट में आ गए। सड़क हादसे में राजकरन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घायल बच्चे और उसकी मां को जिला अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान सुमेरी ने भी दम तोड़ दिया। बच्चे की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। उधर, हादसे की सूचना मिलने पर सांसद राकेश राठौर ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। पुलिस ने शवों के पोस्टमार्टम कराए हैं।



परिवारीजनों को ढांढस बंधाते सांसद राकेश राठौर। अमृत विचार

### मार्निंग वॉक से लौट रहे व्यापारी की दुर्घटना में मौत

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार :** कमलापुर में बुधवार सुबह सड़क हादसे में एक व्यापारी की मौत हो गई। चाट का ठेला लगाने वाला यह युवक रोज की तरह मार्निंग वॉक कर घर लौट रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल व्यापारी को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। कमलापुर कस्बे के सरैंया रोड निवासी आशीष गुप्ता उर्फ दीपक (30) पुत्र स्व. श्यामलाल गुप्ता रोज मार्निंग वॉक पर जाया करते थे। बुधवार सुबह को भी वह टहलकर लौट रहा था। तभी भदौरिया ट्रेडर्स के समीप लखनऊ की ओर से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आशीष गंभीर रूप से घायल हो गए।

# डीएम के आदेश पर छात्रवृत्ति घोटाले में 14 लोगों पर मुकदमा

कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर,

**अमृत विचार:** जनपद में छात्रवृत्ति का बड़ा घोटाला सामने आया है। जिलाधिकारी के आदेश पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बुधवार देर रात केस दर्ज कराया है। इसमें 14 शिक्षक नामजद किये गए हैं। विधिक और विभागीय कार्रवाई में कुछ मदरसे भी शामिल हैं।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नरेश कुमार की ओर से दर्ज कराए गए अभियोग में श्री बृजेश मेमोरियल पब्लिक स्कूल थानगांव के शिक्षक सचिन, विजय प्रसाद, शीला गौतम समता देवी स्मारक पब्लिक इण्टर कॉलेज सिधौली, रिशीनाथ शुक्ला, राघवेंद्र सिंह श्रीराम जनक वीएमआईसी, राघवेंद्र सिंह, हिना बच्चा देवी शिवपाल सिंह, सत्यम सिंह, सत्येंद्र जोशी मदरसा हजरत गुलजार उलूम, सुनील कुमार, शफीकुद्दीन मदरसा अनवारुल उलूम सुल्तानपुर शाहपुर, निजामुद्दीन, शहजहां खातून मदरसा इस्लामिया अरबिया मिस्बाहुल उलूम गढ़िया हसनपुर, शहजहां खातून शामिल हैं।

इन अध्यापकों पर आरोप है कि कुल 48 लाख रुपये की छात्रवृत्ति में अनियमितताएं बरती गई है।

# एसपी ने सुनीं व्यापारियों की समस्याएं

**सीतापुर, अमृत विचार।** रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित दधीचि सभागार में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में जनपद के व्यापार मंडल के सदस्यों के साथ अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापार, सुरक्षा, शांति और कानून व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। एसपी ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में बाजारों, प्रमुख प्रतिष्ठानों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में पार्किंग व्यवस्था, भारी वाहनों की लोडिंग-अनलोडिंग तथा दुकानों के बाहर अतिक्रमण रोकने जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया। एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अतिक्रमण के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी और व्यापारियों से इसमें सहयोग की अपील की। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु सभी व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठानों के अंदर एवं बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए गए।




पुलिस लाइन स्थित सभागार में व्यापारियों के साथ बैठक करते एसपी अंकुर अग्रवाल।

# योग सप्ताह पर विविध कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** योग सप्ताह के अंतर्गत जिलेभर में ग्राम पंचायत स्तर से लेकर जिला मुख्यालय तक विभिन्न स्थानों पर योग शिविरों का आयोजन किया गया।

इन शिविरों के माध्यम से जनसामान्य को योग के महत्व की जानकारी दी गई एवं उन्हें नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया गया। शहर के कमला नेहरू पार्क में योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रातःकालीन योग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए उम्मीद किरण स्पेशल स्कूल एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में योग अभ्यास कराया गया, जहां प्रशिक्षकों ने सरल और अनुकूलित योग क्रियाओं के माध्यम से बच्चों को योग से जोड़ने का प्रयास किया। इसी क्रम में जिला संप्रेक्षण गृह (किशोरी) में सहायक योग प्रशिक्षिका द्वारा किशोरियों को योगाभ्यास कराया गया। यह सत्र मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। जिला कारागार में भी योग सप्ताह के अंतर्गत एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. वीनम यादव एवं जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. अर्चना श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक कुंदन कुमार, जेलर जे.पी. त्रिपाठी, डिप्टी जेलर कुसुम, श्यामाचरण एवं मनीष कुमार सिंह सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। सत्र के दौरान योग प्रशिक्षक कमल किशोर श्रीवास्तव, स्वीटी मौर्य एवं कपिल कुमार ने 50 महिला कैदियों एवं 60 पुरुष कैदियों को योगाभ्यास कराया। डॉ. अविनाश चंद्र, डॉ. डी.के. चौहान एवं डॉ. ज्ञान ज्योति चौधरी के मार्गदर्शन में कैदियों को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए योग की उपयोगिता समझाई गई।

# छात्राओं को दिया गया नेतृत्व का प्रशिक्षण

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, सहरा नानकारी (टिकथा) में गर्ल आइकॉन प्रोग्राम के अंतर्गत छात्राओं को नेतृत्व का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में 72 से अधिक छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक कुमार के नेतृत्व में किया गया।

चांदपुर पुलिस चौकी की महिला आरक्षी ने बतौर मार्गदर्शक छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उन्हें बताया कि आत्मनिर्भरता और साहस के साथ कोई भी चुनौती आसान की जा सकती है। विद्यालय के प्रवक्ता डॉ. सुनील मिश्र ने बताया कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से छात्राओं को सशक्त बनाने, उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करने और सामाजिक बदलाव के लिए उन्हें तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य विवेक कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं में छिपी प्रतिभा को सामने लाने का मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में 72 से अधिक छात्राओं ने सहभागिता की।

# किसानों ने उठाया नहरों की सफाई का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सभागार में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी और जनपदभर से आए प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत उप कृषि निदेशक द्वारा पिछले किसान दिवस में दर्ज शिकायतों पर विभागीय कार्रवाई की जानकारी से हुई। इसके बाद किसानों ने सिंचाई, नहरों की सफाई, टूटे गूलों की मरम्मत, ड्रेनों की जाम स्थिति, राजकीय नलकूपों के संचालन, बैंक ऋण में आ रही अड़चनों और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति न होने जैसी समस्याएं सामने रखीं। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। लघु सिंचाई विभाग द्वारा बताया गया कि बोरिंग के लिए किसानों को अनुदान दिया जाता है। अनुदान अनुसूचित जाति के लिए 19,800 रुपये, सामान्य किसानों के लिए 15,400 रुपये और वृहद किसानों के लिए 11,000 रुपये है। अनुदान के अतिरिक्त शेष राशि किसान को स्वयं वहन करनी होती है। किसानों से अपील की गई कि भुगतान डिमांड ड्राफ्ट से करें और रसीद अवश्य लें। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के संबंध में अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि योजना के तहत 21 से 40 वर्ष के युवा आवेदन कर सकते हैं। अधिकतम 5 लाख रुपये तक ऋण दिया जाता है, लेकिन किसानों ने शिकायत की कि पात्रता पूरी करने के बावजूद बैंक ऋण स्वीकृत नहीं कर रहे हैं। इस पर बैंकवार शिकायतें दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम के अंत में उप कृषि निदेशक धीरेंद्र कुमार सिंह ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और किसानों का आभार व्यक्त करते हुए किसान दिवस का समापन किया।




किसान दिवस में मौजूद अधिकारी व कृषक। अमृत विचार

कार्यक्रम

मसौली क्षेत्र अतंर्गत न्योला करसंडा पर टाटा मोटर्स ने किया है स्थापित

# मंत्री नितिन गडकरी ने किया वाहन स्क्रैपिंग यूनिट का वर्चुअल लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** थाना मसौली क्षेत्र अतंर्गत न्योला करसंडा पर टाटा मोटर्स द्वारा स्थापित अत्याधुनिक वाहन स्क्रैपिंग फैसिलिटी का वर्चुअल शुभारंभ केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने किया। इस यूनिट का संचालन व्यवसायी राजेश कानन द्वारा किया जाएगा।

वर्चुअल कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि ये फैसिलिटी राष्ट्रीय वाहन स्क्रैप नीति के तहत स्वच्छ और ईंधन-सक्षम वाहनों को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम है। पुरानी गाड़ियों को वैज्ञानिक तरीके से डिस्मेंटल कर उपयोगी सामग्री रीसाइक्लिंग के लिए एकत्र की जाएगी। टाटा मोटर्स की पर्यावरणीय प्रतिबद्धता सराहनीय है। यूनिट हर वर्ष 15,000 वाहनों को सुरक्षित तरीके से स्क्रैप करेगी, जबकि रायपुर की यूनिट की क्षमता 25,000 वाहनों की है। फैसिलिटी का संचालन मोटो स्क्रैपलैंड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन के मौके पर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि यह स्क्रैपिंग यूनिट लखनऊ को स्वच्छ और हरित शहर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे न केवल पर्यावरण को लाभ पहुंचेगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। टाटा मोटर्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गिरीश वाघ ने कहा कि हम रिसाइकिल विद रेस्पेक्ट' पहल के तहत सस्टेनेबिलिटी को गति दे रहे हैं। पूरे देश में स्क्रैपिंग फैसिलिटीज के नेटवर्क के जरिए हम हर साल 1.75 लाख वाहन पर्यावरण-अनुकूल तरीके से स्क्रैप करेंगे। इस मौके पर विधायक नीरज बोरा, उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र लखनऊ राधेश्याम, संभागीय परिवहन अधिकारी अयोध्या ऋतु सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन अयोध्या विश्वजीत सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, संभागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवत सिंह यादव आदि थे।




वर्चुअल उद्घाटन करते नितिन गडकरी।



कार्यक्रम में मौजूद परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व अन्य लोग।

## सौतेले भाई को मृत दिखा हड़प ली जमीन

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** टिकैतनगर थाना क्षेत्र में सौतेले भाइयों पर पैतृक जमीन पर धोखाधड़ी कर वरासत दर्ज कराने और भूमि से बेदखल करने का गंभीर आरोप लगा है। गौरा कुर्मियान मजरा बीरापुर निवासी ललित कुमार ने पुलिस को दिए पत्र में बताया कि उसके पिता सुंदरलाल की मृत्यु के बाद जमीन की वरासत वर्ष 2010 में सभी वारिसों के नाम दर्ज की गई थी। इसके बावजूद, विपक्षीजन ने ललित कुमार को मृत दिखाकर जमीन अपने नाम करवा ली और उसे बेदखल करने का प्रयास किया। ललित कुमार का यह भी आरोप है कि विवादित भूमि पर लगे पेड़ों को विपक्षीजन चोरी-छिपे बेच चुके हैं।

## सार-संक्षेप

### मलिन बस्ती में 95 बच्चों का टीकाकरण



कैंप के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र की मलिन बस्ती ठठेरी टोला में लंबे समय से विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं एवं टीकाकरण से वंचित बच्चों का टीकाकरण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई के नेतृत्व में स्वास्थ्य टीम द्वारा मलिन बस्ती ठठेरी टोला में टीकाकरण से वंचित 110 बच्चों में से 95 बच्चों का टीकाकरण किया गया। बता दें कि बस्ती की परवन की ढाई वर्षीय पुत्री अंकिता डिप्थीरिया रोग से ग्रसित पाई गई। खबर प्रकाशन के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक ने मलिन बस्ती में अभियान चलाया। साफ सफाई के लिए जागरुक करते हुए उन्हें टीकाकरण से होने वाले फायदों से अवगत कराया और वर्षों से टीकाकरण न करा रहे लोगों को अपने बच्चों का टीकाकरण कराने के लिए राजी किया। अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई ने बताया कि बस्ती के 110 बच्चों को टीकाकरण के लिए चिन्हित किया गया। बाद में 95 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इस मौके पर डॉ. शिवपूजन सिंह, बीसीपीएम मनोज वर्मा, बीपीएम गौरव सक्सेना, मॉनिटर विजय अवस्थी, एनम रेनू, प्रियंका, आशा हिना बानो, चंद्रा पांडेय, मंजू देवी, हुसना बानो सहित स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### बिजली आपूर्ति की बदहाली के विरोध में सपा ने सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर, अमृत विचार :** हरगांव विधानसभा क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था की बदहाली के विरोध में समाजवादी पार्टी ने बुधवार को जोरदार प्रदर्शन किया। विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सपा हरगांव मोहम्मद फुरकान खान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यह मांग की गई कि क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में 20 घंटे और शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जर्जर तारों और टूटे हुए बिजली के पोल को शीघ्र बदला जाए, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके और आपूर्ति सुदृढ़ हो। लो वोल्टेज की लगातार शिकायतों पर ध्यान देते हुए नए विद्युत उपकेंद्रों की स्थापना तथा कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों के स्थान पर उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाए जाने की भी मांग की गई। प्रदर्शन में विजय वर्मा, बड़कन्नू खान, अशोक पाल भार्गव, हनीफ अंसारी, कपिल मिश्रा, नीरज कुमार राज, वसीम खान, रंजीत वर्मा, नजीर अहमद सहित अन्य उपस्थित रहे।

### किसान सेवा केंद्र पर चोरों ने बोला धावा

**इमलिया सुल्तानपुर/सीतापुर, अमृत विचार :** इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके की काजीकमालपुर चौकी क्षेत्र में चोरों ने नवीन खुशहाली किसान सेवा केंद्र पर धावा बोल दिया जिसमें चोरों ने नगदी व कीटनाशक दवाओं पर हाथ साफ कर दिया। इस दौरान चोरों ने केंद्र के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़कर फेंक दिया। इमलिया सुल्तानपुर थाने की काजीकमालपुर चौकी क्षेत्र में गोला–कस्ता मार्ग पर काजीकमालपुर चौराहे के समीप स्थित नवीन खुशहाली किसान सेवा केंद्र में मंगलवार की रात अज्ञात चोर शटर तोड़कर घुस गए और सेवा केंद्र में रखी कोराजन व वर्टाको आदि कुछ कीटनाशक दवाएं व उसमें रखी करीब बारह हजार की नगदी उठा ले गए। इस दौरान चोरों ने गेट के बाहर लगे दो सीसीटीवी कैमरों को तोड़कर नीचे खाई में फेंक दिया। जिसके बाद शटर व सेवा केंद्र के अंदर लगे शीशे को तोड़ दिया और फिर किसान सेवा केंद्र में अज्ञात चोर प्रवेश कर गए और उसमें जमकर तांडव मचाया। सुबह जब किसान सेवा केंद्र के कर्मी वहां पर पहुंचे तो उन्हें चोरी की घटना की जानकारी हुई। जिसके बाद उनके द्वारा पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद काजीकमालपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना के बिंदुओं पर जांच– पड़ताल की।

### एंबुलेंस लेट पहुंची, नवजात और 6 साल के बालक की मौत

**सीतापुर, अमृत विचार।** पिसावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र में बुधवार को दो अलग–अलग घटनाओं में एक नवजात और एक छह वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। पहाड़ी गांव में प्रसव पीड़ा के बाद समय से एंबुलेंस न मिलने पर घर में ही प्रसव हो गया, जहां नवजात की मौत हो गई। दूसरी घटना अलीपुर गांव की है, जहां बीमार बच्चे को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पिसावां क्षेत्र के पहाड़ी गांव में अनूप की पत्नी पुष्पा को तड़के प्रसव पीड़ा हुई। आशा कार्यकर्ता लक्ष्मी ने सुबह 4:02 बजे 102 एंबुलेंस सेवा को कॉल किया, लेकिन महोली से जवाब मिला कि पिसावां की एंबुलेंस भेजी जाएगी। पिसावां की एंबुलेंस 5:16 बजे पहुंची, तब तक घर पर ही प्रसव हो गया था। सुबह 6 बजे जच्चा–बच्चा को अस्पताल लाया गया, जहां नवजात मृत घोषित किया गया। दूसरी घटना अलीपुर गांव की है, जहां मनफूल का छह वर्षीय बेटा राज बीमार पड़ा। परिजन सुबह 4:56 बजे पिसावां सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष चौधरी ने बताया कि घर पर प्रसव होना दुर्भाग्यपूर्ण है, जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

### युवक पर लाठी-डंडों से हमला, चोटिल

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिरसी सरैयां में खेत पर काम कर रहे एक युवक पर लाठी–डंडों से हमला हुआ। जानलेवा हमले में युवक के पैर में गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सिरसी सरैया निवासी मोहम्मद शहीद खेत में काम कर रहे थे। आरोप है कि गांव के ही जलीस ने उन पर हमला कर दिया। मारपीट इतनी तेज थी कि शहीद घायल हो गया। शोर सुनकर ग्रामीण पहुंचे और बीच–बचाव कर मामला शांत कराया। विवाद का कारण खेत के बंटवारे को लेकर पुरानी रंजिश बताया जा रहा है। पीड़ित ने कोतवाली बिसवां में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उप–निरीक्षक कल्याण सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### बेसिक शिक्षा सचिव से मिले जिलाध्यक्ष



डॉ. सारिका मोहन से मुलाकात करते शिक्षक नेता अभिषेक सिंह।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय बदोसरांय के शिक्षक एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने लखनऊ स्थित एनेक्सी भवन में सचिव, बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन डॉ. सारिका मोहन से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर अभिषेक सिंह ने जिले के शिक्षकों द्वारा विद्यालय स्तर पर किए जा रहे नवाचार और गुणवत्तापूर्ण कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिक्षकों द्वारा शैक्षिक सुधार एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न रचनात्मक प्रयास किए जा रहे हैं, जिनका सकारात्मक प्रभाव विद्यालयी शिक्षा पर देखने को मिल रहा है। उन्होंने कायाकल्प योजना के तहत विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं के संतृप्तिकरण की भी सराहना की और शिक्षकों की प्रमुख लंबित मांगों को सामने रखते हुए समयबद्ध समाधान का आग्रह किया। इस पर सचिव बेसिक शिक्षा डॉ. सारिका मोहन ने समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

### युवक से इंस्टाग्राम पर बातचीत के बाद लापता हुई विवाहिता

**बाराबंकी, अमृत विचार :** टिकैतनगर थाना क्षेत्र में मायके आई विवाहिता अचानक गायब हो गई। विवाहिता की इंस्टाग्राम पर किसी युवक से बातचीत चल रही थी। इस मामले में भाई की तहरीर पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। कस्बा के रहने वाले एक युवक ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसकी 25 साल की बहन 15 जून को ससुराल से मायके आई थी और अगले दिन यानी 16 जून को संदिग्ध हालात में गायब हो गई। परिजनों के अनुसार, युवती की इंस्टाग्राम के माध्यम से एक युवक से बातचीत होती थी, जो फैजाबाद जनपद के पटरंगा थाना क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है। आरोप है कि उसी युवक द्वारा बहला–फुसलाकर उसे अपने साथ भगा ले जाया गया है। परिजनों ने यह भी बताया कि जब उन्होंने युवक के रिश्तेदारों से संपर्क करने की कोशिश की तो उन्हें धमकियां दी गईं और गाली–गलौज भी की गई। युवक के भाई द्वारा फोन पर जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दिए जाने का भी आरोप है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वार्डों में मरीजों व तीमारदारों को होती है घुटन, जिम्मेदार मौन

## सीएमएस की पैनी नजर फिर भी हो रही चूक, वार्ड में लगी एसी से नहीं मिल रही ठंडी हवा, उड़ाया जा रहा माखौल


अमृत विचार पड़ताल

अमरेंद्र कुमार, रायबरेली

**अमृत विचार।** सूर्य के किरणों से निकलने वाली गर्मी से न सिर्फ धरती तप रही है, बल्कि जिला अस्पताल के वार्डों में मरीज व तीमारदारों का दम घुट रहा है। जबकि वृद्धजन, पीएमजेवाई वार्ड में एसी और पंखा व अन्य वार्डों में मरीज व तीमारदारों को गर्मी से बचाने के लिए बड़े-बड़े कूलर एवं पंखा लगाए गए हैं जो न के समान है। इन वार्डों के टूटे हुए दरवाजा वाले शौचालयों में शौच क्रिया के दौरान लोगों को होने वाली उलझन जैसी समस्या किसी को नजर नहीं आ रही है।

अस्पताल की व्यवस्थाओं पर भले ही सीएमएस की पैनी नजर हो, लेकिन उनसे भी लगातार चूक हो रही है। तभी तो चार्ज संभालने के बाद से आज तक मरीजों की उपरोक्त समस्याओं पर कोई कारगर कदम नहीं उठाए गए हैं। इन दिनों गर्मी से पूरे जिले में त्राहि-त्राहि मची हुई है इसके बावजूद जिम्मेदार पूरी तरह से बेखबर हैं। जिला पुरुष चिकित्सालय में कार्यभार ग्रहण किए हुए सीएमएस डॉ. पुष्पेंद्र कुमार का लगभग एक माह का समय व्यतीत हो रहा है, लेकिन भीषण गर्मी में प्रतिदिन के निरीक्षण में उन्हें मरीजों व तीमारदारों की परेशानी आज तक नजर नहीं आई। जिला पुरुष चिकित्सालय में वृद्धजन और पीएमजेवाई वार्ड में आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए पंखा के अलावां एसी लगी हुई है। इसका सच तो इन वार्डों में पांच से दस मिनट रुक कर ही देखा और समझा जा सकता है। इन वार्डों में यदा कदा पंखे तो ऐसे चलते हैं जैसे की वर्षों से मरम्मत ही न कराई गई हो। इतना ही नहीं इन वार्डों में गर्मी से बचाव के लिए एसी जरूर लगाई गई हैं लेकिन यह उन्हें ठंडी हवा का अहसास नहीं करा पा रही हैं। आलम यह है कि इन वार्डों के अंदर की गरमाहट बाहर न निकलने से दर्द से कराहते भर्ती मरीज व उनके तीमारदारों को घुटन सी महसूस हो रही है लेकिन जिम्मेदारों को इसका तनिक भी ख्याल नहीं आ रहा है।


वृद्धजन वार्ड में होती है घुटन जैसी समस्या, बेड पर बैठे मरीज।


शौचालय के अंदर की टूटी पड़ी फर्श।


बंद पड़े इकजास्ट।


शौचालय में लगे वाशवेसिंग की गायब पाइप।


शौचालय का टूटा दरवाजा।

### दीवार पर सजाकर रखा शौचालय का टूटा दरवाजा

वार्ड 2 और 3 की बात की जाए तो इन वार्डों की हालत भी पीएमजेवाई व वृद्धजन वार्ड से मिलती जुलती है। इन वार्डों में लगभग 16 इकजास्ट लगाए गए हैं। अमृत विचार की पड़ताल में बुधवार को दो में एक और तीन में दो ही इकजास्ट चलते मिले। इतना ही नहीं वार्ड नंबर तीन के एक शौचालय में टूटा हुआ दरवाजा लटक रहा था। यही नहीं वाशवेसिंग के नीचे की पाइप गायब होने से गंदे पानी की छीटें मरीज व तीमारदारों के ऊपर पड़ती हैं, जिसकी किसी को खबर तक नहीं है। जबकि इससे भी खराब हालत बर्न वार्ड के सामने के शौचालय की है। यहां तो शौचक्रिया की छोड़िए टूटी फर्श पर गंदगी ही गंदगी फैली हुई थी। मजे की बात तो यह है कि यहां एक शौचालय की दीवार के ऊपर टूटा हुआ दरवाजा सजाकर रखा गया था।

### बेड के नीचे का पाट गायब

जिला अस्पताल के प्रत्येक वार्ड के बेड के नीचे डस्टबिन (पाट) होना चाहिए, जो अधिकांश जगह गायब हैं। वार्ड में भर्ती ऐसे कई मरीजों को यदि हाथ धुलना, कुल्ला करना हो या उल्टी, बाथरूम करनी होती है तो उन्हें तीमारदार पकड़कर किसी तरह से शौचालय तक ले जाता है।

हमे इन वार्डों की जानकारी है। जो समस्याएं बनी हुई हैं उन्हें बहुत जल्द ठीक करा दिया जाएगा। बेड के नीचे यदि पाट नहीं हैं तो उन्हें रखवाया जाएगा। प्रत्येक दिन अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए इसका जायजा लिया जाता है।

-डॉ. पुष्पेंन्द्र कुमार,
सीएमएस, जिला पुरुष चिकित्सालय, रायबरेली।

# नेता हो या अफसर, व्यापारी नेता की मजबूत पकड़

संवाददाता, रायबरेली

- जिले के दो चिकित्सकों से ठगी के आरोपी व्यापारी नेताओं पर कार्रवाई की चुनौती

**अमृत विचार।** नेता, अफसर, अभिनेता हो या फिर अभिनेत्री। ऐसे कई नामचीन हस्तियां है, जिन तक व्यापारी नेताओं की पहुंच है। यह हम नहीं उनके खुद के सोशल मीडिया एकाउंट में साफ दिखाई दे रहा है। सबसे खास बात यह है कि उनके सोशल मीडिया एकाउंट पर सबसे पहले पूर्व डिप्टी सीएम के साथ भाजपा के कई मंत्री और वर्तमान जिलाध्यक्ष तक की फोटो है। जिसे देखकर कोई सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि व्यापारी नेता हर फन में माहिर हैं। ऐसे में चिकित्सकों द्वारा ठगी में आरोपी बनाए जाने के बाद पुलिस की जांच और कार्रवाई किस स्तर पर होगी इसको लेकर काफी चर्चा है। सबसे खास बात यह है कि चिकित्सक कैसे इनके मकड़जाल में फंसे इस गुत्थी को सुलझाना पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। गौरतलब है कि मंगलवार को सदर कोतवाली में डॉ. संजीव जायसवाल व्यापारी नेता त्रिलोचन सिंह छाबड़ा पर से प्रापर्टी दिलाने के नाम पर 70 लाख रुपये तो डॉ. मनीष त्रिवेदी ने रविंदर सिंह छाबड़ा पर व्यापार करने के नाम पर 20 लाख रुपये लेने का आरोप लगाया है। कोतवाली में दोनों व्यापारी नेताओं के खिलाफ एफआईआर होने के बाद जिले भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसकी सबसे बड़ी वजह व्यापारी नेता की मजबूत पकड़ का होना है। हालांकि शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने जरूर निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की बात कही है। व्यापारी नेताओं की बात करें तो प्रशासन के अधिकांश कार्यक्रमों में अहम भूमिका रहती है। डिग्री कालेज चौकी पर पुलिस बूथ बनवाने के दौरान भी इनकी वजह से पुलिस महकमे की काफी किरकिरी हुई थी। सूत्रों की माने तो कई प्रभावशाली लोगों के माध्यम से व्यापारी नेताओं पर दबाव बनाया गया, लेकिन जब मामला नहीं सुलटा तो उन्हें पुलिस की शरण में आना पड़ा। अंदरखाने में तो यह भी बताया जा रहा है कि कई और चिकित्सक और व्यापारी भी इनकी ठगी के शिकार हुए हैं।

### एफआईआर के बाद सोशल मीडिया पर फोटो वायरल

चिकित्सकों द्वारा व्यापारी नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के बाद सोशल मीडिया पर खूब फोटो वायरल हो रही है। हालांकि इसमें कुछ लोग चिकित्सकों को भारी भरकम धनराशि को लेकर कटघरे में खड़ा कर रहे हैं।

# इंस्टा पर डाला पोस्ट, मेटा की सतर्कता से बची छात्रा की जान

संवाददाता, रायबरेली

- परिजनों द्वारा मर्जी के खिलाफ विवाह तय करने से नाराज थी युवती
- आत्महत्या करने जा रही छात्रा को समय रहते पुलिस ने बचा लिया

**अमृत विचार।** अलविदा...सारी मम्मा पामा...इंस्ट्राग्राम पर पोस्ट शेयर कर आत्महत्या करने जा रही छात्रा की जान मेटा की सतर्कता और पुलिस के त्वरित कार्रवाई से बच गई।

मेटा से मैसेज मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल हरकत में आ गई। महज आठ मिनट में घटना स्थल पर पहुंच युवती को बचा लिया। जी हां, सुनने में जरूर अजीबो गरीब लग रहा होगा, लेकिन यह घटना काल्पनिक नहीं सच्ची है। आत्महत्या करने जा रही युवती की जान इसलिये बच गई क्योंकि उसने सुसाइड अटेम्पट से पहले अपने माता पिता को इंस्टाग्राम पर मैसेज छोड़ा था। युवती बीए की छात्रा है और परिजन उसकी मर्जी के खिलाफ उसका विवाह करना चाहते हैं। इंस्टाग्राम पर मैसेज डालने से मेटा तुरंत हरकत में आया और उसने पुलिस को इसकी सूचना दे दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवती को बचा लिया। आत्महत्या करने जा रही युवती का कहना है कि वो विवाह न करके आगे की पढ़ाई करना चाहती है। परिजनों ने जब उसकी बात नहीं मानी तो युवती ने आत्महत्या की ठानते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा गुड बाय, सॉरी मम्मी पापा। युवती ने जैसे ही यह मैसेज इंस्टाग्राम पर डाला मेटा ने तुरंत उसकी लोकेशन के साथ पूरी जानकारी पुलिस हेड क्वार्टर को शेयर कर दी। उधर, डीजीपी राजीव कृष्ण ने भी बिना एक पल गंवाएं एसपी रायबरेली को यह जानकारी दी। एसपी रायबरेली डॉ. यशवीर सिंह ने संबंधित थाना मिल एरिया को इसकी जानकारी दी। मिल एरिया थाना प्रभारी राजीव सिंह ने आठ मिनट के भीतर युवती के घर को ट्रेस करते हुए वहां पहुंच गए। तत्काल युवती की काउंसलिंग की। सीओ सदर अमित सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि तुरंत रिस्पॉस से युवती की जान बच गई। युवती ने अभी ज्यादा कुछ बताने से इनकार किया है। फिलहाल परिवार के साथ खुश है।

# टैंकर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर मंगलवार की देर रात मुंशीगंज में तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों युवकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं चालक को टैंकर के साथ कुछ दूरी पर पीछा करके पकड़ लिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

भदोखर थाना क्षेत्र के जहानपुर कोडर निवासी नीरज (23) पुत्र रामकुमार, नीलेश (19) पुत्र देशराज किसी काम से शहर की ओर जा रहे थे। लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर मुंशीगंज बाईपास ओवर ब्रिज पर पहुंचते ही पीछे से आ रहे आनियंत्रित तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक पर सवार दोनो युवकों को रौंदते हुए निकल गया। इससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल से गुजर रहे राहगीरों ने टैंकर की रफ्तार को देखा तो दहशत में आ गए। घटना की जानकारी होते ही आसपास और गांव के लोगों का भारी जमावड़ा लग गया। क्षत विक्षत शव को देखते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। दोनों शव को देख घटनास्थल पर मौजूद सभी लोगों की आंखें नम हो गई। घटना को अंजाम देकर भाग रहे टैंकर को पुलिस ने कुछ दूरी पर दबोच लिया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी प्रभारी अनुज कुमार ने बताया की टैंकर को कब्जे मे लेकर लिया गया है। तहरीर प्राप्त हुई हैं। मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** मंगलवार को दोपहर बाद प्रतियोगी परीक्षा देकर रायबरेली से घर वापस लौट रहे खीरों क्षेत्र के गांव पाहो निवासी एक युवक की बाइक में एक डंपर चालक ने जोरदार टक्टर मार दिया। इससे बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर डंपर और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि पाहो गांव निवासी आदित्य सिंह (23) पुत्र स्व. राजेश सिंह उर्फ कल्लू सिंह मंगलवार को दोपहर बाद लगभग तीन बजे प्रतियोगी परीक्षा देकर बाइक द्वारा रायबरेली से अपने घर वापस लौट रहा था। वह जैसे ही बाइक लेकर रायबरेली गुरुबक्सगंज-गुलरिहा-मौरावां मार्ग पर गुलरिहा गांव के पास पहुंचा। तभी तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में जोरदार टक्टर मार दी। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस चौकी गुलरिहा मौरावां थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस से घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम और गांव में मातम छा गया। मंगलवार की देर रात शव गांव पहुंचने पर ग्रामीणों का मजमा लग गया। परिजनों ने बुधवार को सुबह गेगासों के गंगा तट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना से मृतक आदित्य सिंह की मां लली सिंह, भाई आशीष सिंह, बहन शिवानी सिंह सहित सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि मौरावां पुलिस से मिली सूचना के आधार पर घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई थी। शिकायती पत्र मिलने पर स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया जायेगा।


आदित्य सिंह की फाइल फोटो।

## हरचंदपुर थाना प्रभारी की बिगड़ी हालत

**हरचंदपुर, रायबरेली।** हरचंदपुर थाना प्रभारी आदर्श कुमार सिंह की मंगलवार को सुबह भोर में अचानक तबीयत खराब हो गई। पुलिस कर्मियों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने थाना प्रभारी को एम्स रेफर कर दिया हैं। वहां इलाज के बाद उनकी हालत कोई सुधार नहीं आया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने एम्स से लखनऊ मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। एसएसआई चक्रधर पांडे ने बताया कि उनके सीने में अचानक तेज दर्द हो रहा था।

# एसडीएम से की मंदिर ग्राउंड सुरक्षित कराने की मांग


महराजगंज एसडीएम को शिकायती पत्र देते पदाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को तहसील पहुंचकर उप जिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने नगर पंचायत द्वारा श्री हनुमानगढ़ी मंदिर मेला ग्राउंड पर बारात घर के प्रस्ताव पर लोगों की आस्था प्रभावित होने की बात कहते हुए ग्राउंड सुरक्षित कराने की मांग की। प्रकरण में एसडीएम ने कस्बे के लेखपाल को मौके पर भेजकर मामले का निस्तारण करा दिया।

एसडीएम को शिकायती पत्र देने वालों में मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, विद्यासागर अवस्थी, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुधा अवस्थी, पूर्व प्रत्याशी डॉ. मातादीन पासी, जिला प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश वर्मा, मंडल महामंत्री शिवम मिश्र, मंडल मंत्री राघवेंद्र सिंह, अतुल पांडे, समाजसेवी संदीप वैश्य, प्रिंकल सिंह, घनश्याम चौरसिया, रामचंद्र सिंह आदि लोग शामिल हैं। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा ने बताया कि मेला ग्राउंड की गाटा संख्या अलग है। बारात घर का प्रस्ताव नगर पंचायत की दूसरी गाटा संख्या की सुरक्षित भूमि पर किया गया है।

## सार-संक्षेप

### कांग्रेस का संविधान बचाओ सम्मेलन आयोजित


लालगंज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस पदाधिकारी।

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** लालगंज के एक उत्सवलान में कांग्रेस के विधानसभा पदाधिकारियों के नेतृत्व में संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में कांग्रेस नेताओं ने केंद्र की मोदी सरकार के ऊपर संविधान बदलने का आरोप लगाया गया है। सरेनी विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी सुधा द्विवेदी ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि भाजपा संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने के साथ ही संविधान को बदलने की दिशा में काम कर रही है। कांग्रेस इस मंसूबे को कभी सफल नहीं होने देगी। सम्मेलन में नगर पंचायत की अध्यक्ष सरिता गुप्ता, वरिष्ठ नेता दीपेंद्र गुप्ता, निर्मल शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष कामता प्रसाद गौड़, उपाध्यक्ष विजयशंकर अग्निहोत्री, सचिव संतोष त्रिवेदी, आकर्षण द्विवेदी, अशोक सिंह, राघवेंद्र सिंह, पंकज, जितेंद्र द्विवेदी सहित विधानसभा के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

### न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षक कार्यशाला आयोजित


न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी में आयोजित कार्यशाला में मौजूद शिक्षक।

**रायबरेली, अमृत विचार।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में शिक्षकों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। यहां पर एनएसजीआई के समस्त शिक्षकों को "प्रभावी शिक्षक और प्रेरणा कौशल के साथ प्रभावी शिक्षण" विषय पर प्रशिक्षक रणवीर सिंह चौहान द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उनके शिक्षण कौशल को निखारने एवं छात्रों को रुचिपूर्ण ढंग से प्रभावी शिक्षण दिए जाने सम्बन्धी जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति, राजीव सिंह, तारकेश्वर सिंह, कामक्षा सिंह, शिवांग अवस्थी, इंद्र विक्रम सिंह, फैज़ान खान, संचिता त्रिवेदी, कफ़ील अहमद, अजय राज सिंह, देवेंद्र, ऋतुराज, प्रमोद कुमार, योगेंद्र त्रिवेदी, शैलजा, उमैर अहमद, आलोक सिंह, अनुपमा सिंह, शगुफ्ता इसरार, शिवानी कुशवाहा आदि उपस्थित रही।

### रात में काट दिए प्रतिबंधित दो पेड़, जिम्मेदार मौन


हरे पेड़ों को काटकर ट्रैक्टर ट्राली में लादते श्रमिक।

**रायबरेली, अमृत विचार।** हरियाली को बचाने के लिए सरकार की ओर से पौधारोपण कराया जा रहा है। वहीं जिम्मेदार क्षेत्र में हरे पेड़ों पर चलाए जा रहे आरा को रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं। सेमरी क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम भगवान बक्श खेडा मे धड़ल्ले से प्रतिबंधित हरे नीम के पेड़ों की कटान हो रही है। इतना ही नहीं लकड़कटो के द्वारा बिना किसी परमिट के हरे नीम के दो पेड़ धराशाही कर दिए गए। मिलीभगत से लगातार हरे पेड़ों की कटान हो रही है। वहीं जिम्मेदार मौन बने हुए हैं। वन रक्षक संतोष तिवारी ने बताया कि जानकारी नहीं है। जाकर मामले को देखते है। सेमरी चौकी इंचार्ज श्रवण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

### आयुष्मान कार्ड से रोगियों का हो रहा बेहतर इलाज


पात्रों को आयुष्मान कार्ड देते भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी और डॉ. अमल पटेल।

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धी लाल पासी ने केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना की सराहना करते हुए कहा कि पहली बार भाजपा की सरकार ने करोड़ों लोगों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराए हैं। अब गरीब लोगों को भी अच्छे से अच्छे अस्पताल में आयुष्मान कार्ड के जरिए इलाज मिल रहा है। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव प्रकाश पांडे ने कहा कि आज लोगों को इलाज के लिए कोई दिक्कत नहीं हो रही है। सरकार की आयुष्मान भारत योजना का लाभ सभी को मिल रहा है। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने किया। कार्यक्रम का संयोजन और आभार प्रदर्शन अधीक्षक डॉ. अमल पटेल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अविनाश सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता और सरकारी अस्पताल के कर्मचारी मौजूद रहे।

### श्रद्धालुओं ने भंडारे में छका प्रसाद


ब्रह्मदेव बाबा के मंदिर प्रांगण में चल रहा भंडारा। अमृत विचार

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** नगर पंचायत शिवगढ़ के सिंहपुर स्थित ब्रह्मदेव बाबा के प्राचीन कालीन मन्दिर प्रांगण में बजरंगबली का 30वां विशाल भंडारा आयोजित हुआ। इसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इससे पहले संगीतमयी सुन्दरकाण्ड पाठ के पश्चात दोपहर में कन्याभोज से शुरू हुआ भंडारा देर रात तक चला। हर साल की तरह भंडारे का आयोजन पंकज मिश्रा, भानु श्रीवास्तव, सुधांशु श्रीवास्तव के नेतृत्व में श्रद्धालुओं के सामूहिक सहयोग से किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कुंवर हनुमन्त प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता नन्दकिशोर तिवारी, राज भैया उर्फ राज दीक्षित, आशू सिंह, राकेश त्रिवेदी, अनिल कुमार, जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा, सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रेम शरन, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी जयराम यादव, रश्मि रावत, शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विन्ध्य अजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

### कोर्ट के आदेश पर सचिव पर मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे नया मजरे लोदीपुर उतरावा गांव के किसान सत्यनारायण यादव पुत्र देवान ने जनवरी 2023 में 63 कुंतल धान साधन सहकारी समिति उमरामऊ में बेचा था। बेचे गये धान का पैसा मांगने पर सचिव किशन वर्मा ने 5 फरवरी 2023 को सत्यनारायण यादव को महज 12 हजार रुपए देकर एक लाख 16 हजार रुपए बाद में देने को कहा था। उसके बाद से सचिव किशन वर्मा के चक्कर लगा रहा है, लेकिन सत्यनारायण यादव को पैसा नहीं मिला। सचिव पर पैसा मांगने पर गाली-गलौज देने का भी आरोप लगाया गया है। तमाम प्रयास के बाद जब उसे पैसे नहीं मिले तो पीड़ित ने डीएम व एसपी की चौखट पर पहुंचकर इसकी शिकायत की, लेकिन उसे यहां भी निराशा हाथ लगी। इसके बाद पीड़ित सत्यनारायण यादव ने कोर्ट की शरण ली। इस संबंध में विवेचक वरिष्ठ उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर सचिव किशन वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

### विद्यालय के संस्थापक को दी श्रद्धांजिल

**रायबरेली, अमृत विचार।** भदोखर में स्थित दयाल शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के संस्थापक एवं प्रबंधक स्व. सूर्य पाल सिंह यादव के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजिल सभा में शिक्षक डॉ. बलवंत सिंह यादव, विजय कुमार, पंकज तिवारी, अखिलेश माही, राम विलास यादव, राम सिंह यादव, धर्मेंद्र बहादुर यादव, रोहित पांडे, लालमणि चौधरी, डॉ स्मिता मिश्रा, एपी यादव, डॉ. बीडी मिश्र, महेंद्र यादव, शिव शंकर सिंह, वीरेंद्र सिंह, राघवेंद्र यादव, शत्रुघ्न सिंह, दिनेश त्रिवेदी, शिव शरण सिंह, खुशीराम चौधरी, राम संजीवन यादव, प्रकाश चंद्र यादव, सुनील यादव, डॉ महेंद्र सिंह, राम प्रवेश मिश्र, समरजीत यादव, डॉ बरखा भारती, डॉ वंदना राय आदि ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

आक्रोश

पीएमजीएसवाई और कार्यदाई संस्था पर मनमानी करने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

# सड़क के नवीनीकरण में लापरवाही से फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, किया प्रदर्शन

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार।** कई सालों से जर्जर एवं गड्ढ़ों में तब्दील शिवगढ़ क्षेत्र के भवानीगढ़-सूरजपुर सम्पर्क मार्ग के नवीनीकरण में कार्यदाई संस्था एवं पीएमजीएसवाई विभाग द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है। इससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। बुधवार को जयचन्दपुर मजरे बैंती में नगर पंचायत की सीमा पर आक्रोशित ग्रामीणों ने पीएमजीएसवाई विभाग और कार्यदाई संस्था के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। नारे लगाते हुए जल्द ही सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण शुरु न होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी है।

गौरतलब हो कि 7.3 किमी लम्बा क्षेत्र का भवानीगढ़-सूरजपुर सम्पर्क मार्ग पिछले कई सालों से जर्जर एवं पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील है। एक करोड़ 87 लाख की लागत से नवीनीकरण होना है। सम्पर्क मार्ग के नवीनीकरण के लिए जनवरी 2025 में ही टेंडर हो गया था। इसका नवीनीकरण कार्य पूरा करने की अंतिम समय सीमा मई 2025 तय थी। लगातार खबरें प्रकाशित होने और स्थानीय लोगों के विरोध प्रदर्शन के पश्चात कार्यकारी संस्था ने मार्च के प्रथम सप्ताह में रस्म अदायगी के लिए सड़क के दोनों साइड की पटरियों की साफ-सफाई करने के साथ ही बड़े-बड़े गड्ढों में बोल्डर तो डाल दिए थे, लेकिन रोलर चलाना मुनासिब नहीं समझा। इसके चलते कुछ ही दिनों में बोल्डर और गिट्टियां छिटक कर इधर-उधर हो गई। इससे सड़क पहले से बदतर हो गई। जिसके बाद से ना ही कार्य संस्था के ठेकेदार और श्रमिक दिखाई पड़े और ना ही पीएमजीएसवाई विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी। आलम यह है कि इस सम्पर्क मार्ग पर वाहन तो दूर पैदल चलना भी दुश्वार हो रहा है। जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों में पीएमजीएसवाई विभाग तथा कार्यदाई संस्था प्रति गहरा रोष व्याप्त है। इस मौके पर शिवगढ़ ब्लाक कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक ब्लाक अध्यक्ष एडवोकेट गौरव मिश्रा, भवानीदीन, रामचन्दर, राजाराम, बंशीलाल, अर्जुन, रामबक्स, देवी प्रसाद आदि ने नाराजगी जताते हुए जल्द कार्य पूरा कराने की मांग की है।


पीएमजीएसवाई विभाग और कार्यदाई संस्था के खिलाफ नारेबाजी करते ग्रामीण। अमृत विचार

### क्या कहते हैं लोग-


मुनेश्वर पासी।


गौरव मिश्रा


मनोज कुमार।


अंजली पासी।

सपा जिला उपाध्यक्ष मुनेश्वर पासी का कहना है कि भवानीगढ़ - सूरजपुर सम्पर्क मार्ग की हालत सबसे ज्यादा खस्ताहाल है, इसके बावजूद जिम्मेदार लापरवाह हैं। शिवगढ़ ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट गौरव मिश्रा का कहना है कि यदि जल्द ही सम्पर्क मार्ग का नवीनीकरण न हुआ तो आन्दोलन किया जायेगा। जिला पंचायत सदस्य अंजली पासी का कहना है कि पीएमजीएसवाई तथा कार्यदाई संस्था की लापरवाही की शिकायत बोर्ड की बैठक में की जाएगी। राष्ट्रीय कल्याण मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज रावत का कहना है कि कार्यदाई संस्था द्वारा शूरु से लापरवाही बरती जा रही है। सरकार को चाहिए ऐसी कार्यदाई संस्था को ब्लैक लिस्टेड कर दे।

मई 2025 में कार्यदाई संस्था को नवीनीकरण कार्य पूरा कर देना चाहिए था, जिसका समय समाप्त हो गया है। जल्द से जल्द नवीकरण कार्य पूरा करने के लिए कार्यदाई संस्था को निर्देश दिए गये हैं।

-अजय श्रीवास्तव,
एई पीएमजीएसवाई

## एक नजर

### 31 जुलाई तक चलेगा संचारी रोग एवं दस्तक अभियान

**हरदोई, अमृत विचार।** संचारी रोगों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए दस्तक अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। सीएमओ ने बताया कि द्वितीय जनपद स्तरीय अर्न्तविभागीय बैठक 28 जून को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होगी और दस्तक अभियान के लिए ब्लॉक स्तरीय माईक्रोप्लान सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी 07 जुलाई तक उपलब्ध कराएंगे। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा दस्तक अभियान के संचालन हेतु ब्लॉक चिकित्सा पर आशा, एएनएम तथा आंगबाड़ी कार्यकत्रियों की संवेदीकरण बैठक ब्लाकवार योजना बनाते हुए 3 से 8 जुलाई के मध्य पूर्ण करा लिया जाये।

### पंखे से करंट लगने से बुजुर्ग की मौत

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के कल्याणपुर सरवा में बुधवार को घर में पंखे का तार लगा रहे थे तार कटा होने से करंट लग गया जिससे बुजुर्ग की मौके पर मौत हो गई। कल्याणपुर सरवा निवासी इंद्रपाल अवस्थी (60) की मौके पर मौत गई। इंद्रपाल के तीन पुत्र हैं। पत्नी कमलेश कुमारी ने बताया कि पंखे का तार लगा रहे थे, तभी करंट लग गया। थाना प्रभारी मार्कण्डेय सिंह ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया।

### इनामी अपराधी गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** गिरोह बनाकर समाज में दहशत फैलाने, अवैध वसूली करने, लूटपाट करने के इनामी अपराधी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी पर विभिन्न थानों में आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। थाना सांडी के नेकवा हातिमपुर निवासी सरोज को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए गैंगस्टर के आरोपी पर 25 हजार का इनाम था।

### आरोपियों पर केस दर्ज

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के लालपुर सदरपुर गांव में पानी का मोटर चलाने को लेकर हुए विवाद में युवक और उसकी दादी को पीट दिया। पीड़ित हिमांशु वाजपेई ने आरोपी ओम वाजपेई, उनकी मां रुचि देवी, बहन खुशी और पिता अजय कुमार के खिलाफ तहरीर देकर केस दर्ज कराया है।

# सौंदर्यीकरण की राह देख रहा बाबा का ताल

संवाददाता, हरदोई


बाबा का ताल पर फैली गंदगी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर में एक और जहां लगातार तालाबों का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है, वहीं शहर का एक तालाब कई वर्षों से सौंदर्यीकरण की राह देख रहा है। तत्कालीन जिलाधिकारी पुलकित खरे ने शहर के तालाबों का जीर्णोद्धार कराया था। इसी क्रम में शहर के एक तालाब भी जीर्णोद्धार कराकर सौंदर्यीकरण कराया जाना था, जिसका कार्य भी शुरू हो गया था, लेकिन तत्कालीन जिला अधिकारी पुलकित खरे के तबादले के बाद तालाब की खुदाई का शुरू हुआ कार्य जहां की तहां रुक गया। जिम्मेदारों ने भी तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य जिलाधिकारी के तबादले के बाद बंद कर दिया। तत्कालीन जिलाधिकारी पुलकित खरे के तबादले के लगभग 6 वर्ष हो चुके हैं जिसके बाद अब तक शहर का बाबा की ताल का तालाब जीर्णोद्धार की राह देख रहा है। स्थानीय लोगों की भी मांग है कि बाबा की ताल का सौंदर्यीकरण हो वाकिंग ट्रैक, झूले, पेड़ पौधे लगे जिससे कि आसपास के बच्चे एवं बुजुर्ग पार्क का आनंद ले सकते हैं।

बाबा का ताल पर वर्तमान समय में अराजक तत्व ने अपना अड्डा बना रखा है। आसपास के घरों से बाबा का ताल में कूड़ा डाला जा रहा है ऐसे में स्वच्छता अभियान की भी अवहेलना हो रही है। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी अनुनय झा से मांग की है कि रेलवे गंज मध्य के अंतर्गत पीतांबर गंज में आने वाले बाबा का ताल का सौंदर्यीकरण कराया जाए। पार्क में बच्चों के खेलने कूदने के लिए झूले बुजुर्गों महिलाओं के बैठने के लिए बेंच, पेड़ पौधे लगाए जाए जिससे कि स्थानीय लोग अपने परिवार के साथ आनंद ले सकें। अब देखने वाली बात यह होगी कि हरदोई के जिला अधिकारी अनुनय झा बाबा का ताल को लेकर क्या कार्यवाही करते हैं।

ताइक्वांडो स्टेट चैंपियनशिप

# हरदोई के पाले में गिरे पांच मेडल

संवाददाता, हरदोई



गोल्ड मेडल विजेता ताइकांडो के खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बरेली में 16 जून से दो दिवसीय 42वीं क्योरुगी और 15 वीं पूमसे जूनियर और 39 वीं क्योरुगी और 13 वीं पूमसे सब जूनियर उत्तर प्रदेश आफिसियल ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन महात्मा ज्योतिबा फुले रोहेलखंड यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स बरेली में आयोजित हुई। हरदोई ताइक्वांडो अकादमी के कोच गुफरान ने बताया कि चैंपियन शिप में प्रतिभाग करने के लिए जिले से सब जूनियर बालिका वर्ग में अंडर-22 भार वर्ग में अंशिका राठौर ने गोल्ड मेडल और बालक वर्ग में अंडर-27 भार वर्ग में मयंक कश्यप ने गोल्ड मेडल हासिल किया।

अंडर-41 में अयान रजा ने सिल्वर, अंडर-50 में यश कश्यप ने सिल्वर मेडल हासिल किया। जूनियर वर्ग बालिका वर्ग में अंडर-46 भार वर्ग में रोशनी कश्यप ने कांस्य पदक हासिल किया। अंशिका और मयंक का चयन 23-25 जून तक उत्तराखंड के हरिद्वार में आयोजित होने वाली आफिसियल ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। विजेता खिलाड़ियों को वापस लौटने पर शहर के जिंदपीर चौराहा स्थित एलओसी हिल्स पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल वैभव सिंह गौर ने सभी खिलाड़ियों को विजेता बनने पर उत्साह बढ़ाया।

**कामयाबी**
▸▸ अंशिका व मयंक का नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन

# 668 खाद विक्रेताओं के लाइसेंस रद

## लाइसेंस बनवाने के बाद लंबे समय से नहीं कर रहे थे उर्वरक की बिक्री

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिले में 668 खाद विक्रेताओं द्वारा कार्य न किए जाने से उनके लाइसेंस निरस्त कर दिए गए। यह लोग लाइसेंस बनवाने के बाद लंबे समय से बिक्री नहीं कर रहे थे, जिससे वहां के किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, इस कारण जिला कृषि अधिकारी ने कृषि विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त कर दिए।

जिला कृषि अधिकारी सतीश चन्द पाठक ने बताया है कि जनपद के उर्वरक विक्रेताओं को उर्वरक आपूर्ति एवं वितरण की आईएफएमएस पोर्टल पर समीक्षा की गयी तो पाया गया कि कई उर्वरक विकेताओं द्वारा उर्वरक कां व्यापार नहीं किया जा रहा है, लेकिन उनकी रिटेलर आईडी आईएफएमएस पोर्टल पर इनएक्टिव/चल रही है। जांच के बाद स्पष्ट हो गया कि सम्बन्धित उर्वरक विकेता अपनी रिटेलर आईडी पोर्टल पर अपडेट न कराने एवं विगत माह से उर्वरक का व्यापार नहीं कर रहे हैं, लेकिन सीजन के समय एकाएक उर्वरक का व्यापार करने लगते हैं, जिससे कृषकों को गुणत्तायुक्त उर्वरक आपूर्ति में संदेह रहता है, इसी को ध्यान में रखते हुए जिले के 668 उर्वरक विकेताओं के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिये गये हैं। सम्बन्धित उर्वरक विकेताओं को निर्देशित दिया गया है कि वह तत्काल अपनी पीओएस मशीन कार्यालय मे जमा करें और अब किसी भी प्रकार के उर्वरक का व्यापार न करें। बिना लाइसेंस के कोई भी व्यक्ति उर्वरक का व्यापार करते हुए पाया जाता है तो उस विक्रेता के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी।


### दो अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में पर्यटन विभाग की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वीकृति प्रस्तावों की टेंडर प्रक्रिया में अनावश्यक देरी न की जाये। टेंडरिंग प्रक्रिया में देरी करने वाली कार्यदायी संस्थाओं की जवाबदेही तय की जाये। उन्होंने टेंडर प्रक्रिया में देरी और वित्तीय प्रगति पर देरी पर पर्यटन अधिकारी व परियोजना प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कुसुमा देवी मंदिर के कार्य में तेजी लायी जाये। उन्होंने कछौना के कुशीनाथ मंदिर में वित्तीय प्रगति ठीक से प्रदर्शित न करने पर पर्यटन अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा। जिला योजना में चल रहे सभी कार्यों में समय व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सेंट जेवियर की दो छात्राओं ने नीट यूजी में पाई सफलता

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सेंट जेवियर हाईस्कूल की छात्रा रही श्रृष्टि शुक्ला ने 720 में से 633 अंक प्राप्त किए, जबकि आयुष्का सिंह ने 532 अंक प्राप्त किए। इनकी ऑल इंडिया रैकिंग क्रमशः 7364 तथा 22640 है। इनकी सफलता पर प्रधानाचार्य मौसमी ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह दोनों छात्राएं शुरू से ही अपनी कक्षाओं में सर्वोच्च प्रदर्शन करती रहीं। इनके प्रदर्शन से अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रोत्साहन मिलेगा। दोनों छात्राओं की सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन श्री नारायन चटर्जी, प्रबंधक राकेश, बोर्ड आफ डायरेक्टर अंकित अरुन व सोनम आनंद ने बधाई दीं।


श्रृष्टि शुक्ला।


आयुष्का सिंह।

# आंधी से उपकेंद्र इटौली की आपूर्ति गड़बड़ाई

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** विद्युत उपकेंद्र इटौली की आपूर्ति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। कहीं हवा या आंधी से कई घंटे गुल तो कहीं लोकल फॉल्ट या क्षति ग्रस्त पोल के लिए शट डाउन रहना। यह आम समस्या बन गई है। मंगलवार की देर रात आई तेज हवा से उपकेंद्र के भड़ायल, अहिरोरी, परसनी और टड़ियावां फीडर ऑफ हो गए। रात भर लोग घरों में मच्छरों के आतंक से जूझते रहे। उपभोक्ता की इस पीड़ा से विद्युत उपकेंद्र के कर्मचारी या विभागीय अभियंताओं से कोई सरोकार नहीं रह गया है। देर रात गुल समूचे इलाके की आपूर्ति बुधवार की देर शाम तक पटरी पर नहीं आ सकी। उपभोक्ता सोशल मीडिया पर विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली और सरकार की सख्ती पर सवाल खड़े कर रहे है।

# डीएम ने सुनीं किसानों की समस्याएं

संवाददाता, हरदोई



किसान दिवस में समस्याएं सुनते डीएम व सीडीओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी की मौजूदगी में किसान दिवस का आयोजन स्वर्ण जयन्ती सभागार, विकास भवन में किया गया।

किसानों द्वारा क्षेत्रीय समस्याओं के बारे में निवारण के लिए अवगत कराया गया कि बावन, टडियावां, हरियावां, सुरसा और अहिरोरी क्षेत्र में बंदर फसलों को बहुत नुकसान पहुंचा रहे हैं। हरियावां के पेंग रजबहा की खुदाई/मरम्मत कराई जाये, विक्टोरियागंज माइनर में पानी टेल तक पहुंचाया जाये। ऐजा फार्म से निकलने वाले नाले की सफाई करायी जाये, जिससे बरसात में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। टोडरपुर के अयारी ग्राम के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आवश्यक औषधियों की आपूर्ति कराई जाये। डीएम ने निर्देश दिए कि उपरोक्त समस्याओं का समाधान त्वरित गति से किया जाये। आगामी किसान दिवस में उपरोक्त समस्याओं के निस्तारण के साथ सम्बन्धित विभाग के अधिकारी अवश्य उपस्थित रहें। इस मौके पर जिला कृषि अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जन सुनवाई में पहुंचे बड़ी संख्या में फरियादी

**हरदोई, अमृत विचार।** जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने बड़ी संख्या में लोगों की समस्याओं को सुना। बुधवार को जन सुनवाई में कुल 90 शिकायतें आयीं जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। अब तक वंचित पात्रों को वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांग पेंशन से आच्छादित कराया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड का लाभ दिलाया गया। कुल छह बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनवाये गए। डीएम ने सुनवाई के दौरान सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि विवाद के मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाये।

# देखभाल न होने से प्रसव के 24 घंटे बाद नवजात की मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सण्डीला के निजी हास्पिटल में आपरेशन के बाद नवजात बच्ची 24 घंटे बाद इलाज के अभाव में मौत हो गई। पिता ने अपने ससुर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी गई, जिस पर नवजात के शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

कासिमपुर थाने के सरेहरी निवासी अर्जुन की गर्भवती पत्नी सौम्या करीब एक महीने से मायके जखौर में रह रही थी। 9 जून को उसके पिता सुनील उसे सण्डीला के एक निजी हास्पिटल ले गए, जहां आपरेशन से उसके बच्ची हुई, 10 जून को अर्जुन हास्पिटल पहुंचा। उसने बताया कि नवजात बच्ची पर ध्यान नहीं दिया गया, उसकी अनदेखी किए जाने पर जब उसने डाक्टर से बात की तो बताया गया कि कोई उसका इलाज कराने के तैयार नहीं हुआ। अर्जुन ने नवजात बच्ची का इलाज शुरू कराया। मंगलवार को उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया, वह उसे ले जा रहा था, तभी रास्ते में मौत हो गई। अर्जुन ने ससुर सुनील पर नवजात बच्ची के इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कासिमपुर पुलिस को तहरीर दी, बुधवार को कासिमपुर पुलिस ने नवजात बच्ची का पोस्टमार्टम कराया।

## सार-संक्षेप

### दिव्यांशी को गोल्ड व शिवानी को मिला सिल्वर मेडल



गोल्ड मेडल के साथ दिव्यांशी व शिवानी।

**हरदोई, अमृत विचार।** हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में 13 से 15 जून तक नेशनल स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एवं इंक्लाइंड बेंच प्रेस प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें उत्तर प्रदेश की टीम में चयनित हरदोई जनपद की बेटियों ने कोच पूनम तिवारी के नेतृत्व मे 40 किलो ग्राम भार वर्ग में जूनियर वर्ग में दिव्यांशी ने टू हैंड कर्लिंग 25 किलो और हैक लिफ्ट 60 किलो टोटल 85 किलोग्राम भार उठाकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में 46 किलो भार वर्ग में शिवानी कर्लिंग में 20किलो और हैक लिफ्ट 60 किलो टोटल 80 किलो उठाकर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। नेहा देवी में 22 .5 किलो कर्लिंग और 50 किलो हैक लिफ्ट टोटल 72 .5 किलो उठाकर कांस्य पदक प्राप्त किया। खिलाड़ियों की उपलब्धि से शंकर व्यायाम शाला में भव्य स्वागत किया गया।

### भूमि विवाद धारदार हथियार से युवक का कान काटा

**संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जरौली शेरपुर गांव में 16 जून की शाम चार लोगों ने एक युवक के घर में घुसकर उसका कान काट दिया। पीड़ित मन्नू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके परिवार के ही अनिल कुमार, गिरजा शंकर, शेर सिंह और शैलेंद्र ने यह वारदात की। आरोपियों ने घर में घुसकर गालियां दीं और मारपीट की। इस दौरान धारदार हथियार से उसका कान काट दिया। जब पीड़ित की बहनें शिवानी देवी और कोमल देवी उसे बचाने आईं तो आरोपियों ने उन्हें भी पीटा। शोर सुनकर गांव के लोग पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने अगले दिन 17 जून को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### क्रिकेट खेलने गए दो भाइयों से मारपीट, दी तहरीर

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौक निवासी दो भाइयों को क्रिकेट खेलते समय एक युवक ने साथ मिलकर मारपीटा जिससे दोनों भाई घायल हो गए। पीड़ित पिता ने आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली में लिखित तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पिता ज्ञानेंद्र अवस्थी उर्फ धीरू के अनुसार मंगलवार को सुबह करीब 8 :30 उसके पुत्र शिव और शुभ क्रिकेट खेलने बालाजी मंदिर के पीछे मैदान में गए थे। मोहल्ला सरदारगंज निवासी युवक सचिन ने अपने दो साथियों के साथ उसके पुत्रों को वहां खेलने से मना किया। इसी बात को लेकर सचिन और उसके साथियों ने पुत्रों को डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जानकारी होने पर वह खुद शिकायत लेकर विपक्षी सचिन के घर गए, तो विपक्षी ने उससे भी गाली गलौज कर अभद्रता की। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### पड़ोसियों ने बालिका से की मारपीट, केस दर्ज

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र में एक 10 वर्षीय बालिका के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। भिखरियापुर नूरपुर हथोड़ा गांव निवासी रामबाबू ने बताया कि 14 जून को उसकी 10 वर्षीय बेटी आरसी गांव में रास्ते से जा रही थी। इसी दौरान गांव के ही कन्हैया लाल, उनके बेटे आकाश और कंचन उर्फ भारती ने बच्ची को रास्ते से जाने से मना किया। आरोपियों ने धक्का-मुक्की करते हुए बच्ची के बाएं पैर के घुटने में चोट पहुंचा दी। अगले दिन 15 जून को सुबह जब रामबाबू ने इस मामले की शिकायत की तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गए। 17 जून को रामबाबू ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों में विवाद पहले से चल रहा है।

### 13 वर्ष का किशोर लापता, तलाश में जुटी पुलिस

**संवाददाता, अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में एक 13 वर्षीय किशोर के लापता होने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत ऐराकाकेमऊ के लालपुर गांव के निवासी कमलेश के अनुसार, उनका पुत्र अखिलेश मंगलवार को घर के बाहर बैठा था। इसके बाद वह अचानक गायब हो गया। बच्चे की गुमशुदगी से परेशान माता-पिता ने बुधवार को अतरौली थाने में शिकायत दर्ज कराई। अतरौली थाना प्रभारी निरीक्षक मारकंडेय सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस कानूनी कार्रवाई के साथ बच्चे की तलाश में जुटी है।

### विकास खंडों पर लगेंगे दिव्यांग पंजीकरण शिविर

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत 14 से 24 मई तक समस्त ब्लाकों पर एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया था, जिसमें कुल 230 दिव्यांग लाभार्थियों के आवेदन प्राप्त हुए थे जो बहुत कम होने के कारण दिव्यांगजनों के साथ दिव्यांग बच्चों को भी उनकी आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु ऑनलाइन पंजीकरण कराने हेतु 20 से 30 जून के मध्य समस्त ब्लाकों पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जायेगा। श्री झा ने बताया कि 20 जून को ब्लाक सुरसा, बावन, 21 जून टड़ियावां, हरियावां, 23 जून अहिरोरी, टोडरपुर, 24 जून शाहाबाद, बिलग्राम, 25 जून साण्डी, पिहानी, 26 जून माधौगंज, भरखनी, 27 जून हरपालपुर, मल्लावां, 28 जून बेहन्दर, कोथावा तथा 30 जून 2025 को ब्लाक भरावन, कछौना व सण्डीला में दिव्यांगजन पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये है कि दिव्यांगजनों एवं दिव्यांग बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण दिव्यांगता प्रमाण पत्र और उनकी आवश्यकता के सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु निर्धारित तिथि पर पंजीकरण शिविर में उपस्थित मेडिकल बोर्ड एवं कर्मचारियों एवं दिव्यांगों के बैठने हेतु कुर्सी, मेज, हाल तथा पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करायें।

# नपा परिषद की बोर्ड बैठक में हंगामा

संवाददाता, संडीला, हरदोई


चेयरमैन पर आरोप लगाते हुए धरने पर बैठे सभासद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में उस वक्त हंगामा मच गया जब सभासदों ने चेयरमैन पर गंभीर आरोप लगाते हुए बैठक का बहिष्कार कर धरने पर बैठ गए।

सभासदों का आरोप है कि वार्डों में विकास कार्य नहीं कराए जा रहे, और नगर में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। एक साल बाद बोर्ड की बैठक बुलाने और बजट का अभाव बताकर योजनाएं ठप करने का आरोप लगाया। बैठक के दौरान जब सभासदों ने अपनी मांगों और शिकायतों को रखा तो माहौल गर्मा गया और बैठक का बहिष्कार करते हुए सभासद धरना प्रदर्शन पर बैठ गए। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि बैठक के दौरान बजट पारित कर दिया गया है, जिन सभासदों ने उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर कर बहिष्कार किया, वह नियमों के विरुद्ध है। सभासदों ने कहा कि अगर वार्डों में शीघ्र विकास कार्य शुरू नहीं हुए तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

# बच्चों का तीन दिवसीय शिविर आयोजित

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ज्योतिनगर केंद्र द्वारा बच्चों में चारित्रिक व सांस्कृतिक विकास के लिए एक त्रिदिवसीय निःशुल्क समर कैम्प का आयोजन केंद्र की संचालिका राजयोगिनी बीके रोशनी बहन के नेतृत्व में किया गया। शिविर में बच्चों को शिष्टाचार व अच्छे संस्कारों के निर्माण के विषय में मनोरंजक ढंग से बताया गया।बीके बहन रोशनी ने बताया कि इस आयु वर्ग में बच्चों को सिखाया जाता वह जीवन भर उनको याद रहता है और उस पर वह आचरण भी करते हैं।

**कवायद** टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के लिए प्रधानों, सचिवों व रोजगार सेवकों को दिया प्रशिक्षण

# टीबी रोगियों को पहचानने में मदद करेंगे प्रधान

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई



प्रशिक्षण में जानकारी देते चिकित्सक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सीएचसी सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम प्रधानों, सचिवों और रोजगार सेवकों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य था कि पंचायतों में टीबी के मामलों की पहचान और उपचार को प्रभावी ढंग से किया जा सके। कार्यक्रम का आयोजन रीच संस्था द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएचसी इन्चार्ज डॉ राजेन्द्र कुमार ने ग्राम प्रधानों और सचिवों को बताया कि किस तरह से ग्राम पंचायतों में संदिग्ध टीबी रोगियों की पहचान करनी है और उन्हें इलाज के लिए आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से अस्पताल भेजना है। संस्था के सीनियर प्रोजेक्ट समन्वयक प्रांशु गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में जहां 1000 की आबादी है, वहां 30 लोगों की टीबी जांच की जाएगी। यदि इनमें से एक या अधिक व्यक्ति टीबी से संक्रमित पाए जाते हैं, तो उस पंचायत को टीबी मुक्त घोषित नहीं किया जाएगा। चंदन कुमार साहू ने उपस्थित ग्राम प्रधानों और सचिवों को संकल्प दिलाया कि वे अपनी पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के लिए तत्पर रहेंगे। इस ट्रेनिंग में डॉ रवीकान्त शर्मा, रीच के प्रोजेक्ट समन्वयक यूनुस खान, एचसीएल के प्रोजेक्ट समन्वयक लवलेश गुप्ता, टीबी चैंपियन इशरा खान, अंकिता देवी, प्रतिमा देवी, परवेज खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### वकीलों के लिए टीन शेड का निर्माण कराएंगे एमएलसी

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल का अधिवक्ता समिति संडीला में जोरदार स्वागत किया गया। समिति की मांग पर एमएलसी ने पुस्तकालय कक्ष के लिए एक लाख रुपए तुरंत रिलीज कराने एवं अधिवक्ताओं के लिए टीन शेड्स निर्माण कराने का आश्वासन दिया। बुधवार को अधिवक्ता भवन में सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल की निधि से लगाई गई चार एसी का उद्घाटन के अवसर पर अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष नवल किशोर त्रिपाठी व मंत्री सत्यकुमार द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। इसके अलावा दर्जनों अधिवक्ताओं ने फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। कहा कि अधिवक्ताओं के टीन शेड्स निर्माण हेतु आकलन आदि कराकर अगले वर्ष निर्माण करा दिया जाएगा। अध्यक्ष नवल किशोर त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

